an>

Title: Regarding reopening the closed sugar mills.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज) : माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपका अत्यंत आभारी हूं कि आपने लॉटरी से 20 और लोगों को फ्राइडे होने के नाते समय दिया और सबको एक एक मिनट के लिए समय दिया लेकिन मैं समझता हूं कि ...(व्यवधान) देश के 90 प्रतिशत गन्ना किसानों के गन्ना मूल्य के लिए जहां एक तरफ सदन चिंता कर रहा है कि आज भी देश के गन्ना किसानों का मूल्य बाकी है और उत्तर प्रदेश में 4000 करोड़ रुपया बाकी है।...(व्यवधान) दूसरी तरफ विडम्बना है कि चीनी मिलें भी नहीं चलाई जा रही हैं। आज बस्ती की चीनी मिलों को लेकर वहां के किसान आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं।...(व्यवधान) पांच लोगों की हालत खराब हो गई। फोर्स्ड फीडिंग आमरण अनशन पर कराई गई। आज गंभीर संकट पैदा हो गया है। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करना चाहता हूं कि आज बस्ती चीनी मिल या खलीलाबाद चीनी मिल बंद पड़ी है। पूर्वान्चल की देवरिया भट्टी चीनी मिल को चलाने के संबंध में सरकार राज्य सरकार को निर्देशित करें कि आवश्यक प्रभावी कदम उठाए जिससे कैश क्रॉप जो गन्ना है, उससे किसानों की जिंदगी, उनकी बेटी की पढ़ाई, बीमार बाप का इलाज और कम से कम लोगों की शिक्षा का काम हो सके। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री केशव प्रसाद मौर्य और श्री शरद त्रिपाठी को श्री जगदम्बिका पाल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।